आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की ओर से द्वीपसमूह में निरक्षरों, नवसाक्षरों और स्वैच्छिक शिक्षकों की पहचान करने के लिए व्यापक सर्वेक्षण ''उल्लास'' की शुरूआत की गई है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, विभिन्न पंचायतों में सदस्यों और प्रधान के खाली पड़े पदों को भरने के लिए उप–चुनाव कराया जाएगा।
- 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत डिगलीपुर में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- शिक्षा निदेशालय की ओर से विशेष देखभाल वाले बच्चों के लिए तेईसवां राज्य स्तरीय स्कूल खेल और आठवां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की ओर से द्वीपसमूह के शिक्षा सदन में कल निरक्षरों, नवसाक्षरों और स्वैच्छिक शिक्षकों की पहचान करने के लिए व्यापक सर्वेक्षण ''उल्लास'' की शुरूआत की गई। इस उद्घाटन समारोह में जिला, ब्लॉक, क्लस्टर, स्कूल स्तर और सामाजिक चेतना केंद्र के एन.आई.एल.पी. के पदाधिकारियों ने वर्चुअल रूप से इसमें भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक डॉ. जतिंदर सोहल, ने रिमोट बटन दबाकर सर्वेक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने इन द्वीपों को शत–प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए उनके प्रयासों के लिए सर्वेक्षण में शामिल सभी पदाधिकारियों की समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उप निदेशक राज्य नोडल अधिकारी, एस सुरेश कुमार ने कहा कि सभी चिन्हित असाक्षरों और नवसाक्षरों को स्कूल भवन में स्थित निकटतम सामाजिक चेतना केंद्र में नामांकित किया जाएगा और आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होने के योग्य बनाया जाएगा, ताकि इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उन्हें साक्षर होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जा सके। परियोजना अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण "सबका साथ–सबका विकास" के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे समाज और राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे सकें।

उन्होंने बताया कि यह सर्वेक्षण पेपरलेस होगा और उल्लास ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र और गणना की जाएगी। जिन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी नहीं है, वहां डेटा ऐप में सेव किया जाएगा और बाद में अपलोड किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सात सौ पांच पंजीकृत सर्वेक्षणकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, डिगलीपुर तहसील के पश्चिम सागर ग्राम पंचायत की पंचायत समिति के लिए, नबाग्राम ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र नबाग्राम–एक में सदस्य, फरारगंज तहसील के होप टाउन ग्राम पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र–एक में सदस्य और मायाबंदर तहसील के पहलगांव ग्राम पंचायत में प्रधान के खाली पड़े पदों को भरने के लिए अगले वर्ष बारह जनवरी को उप–चुनाव कराया जाएगा। सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके चुनाव एजेंटों को आदर्श आचार संहिता तथा अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नियमों के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। इस उप–चुनाव के दौरान संपत्ति विरूपन विनियमन या आदर्श आचार संहिता के किसी भी तरह की उल्लंघन की सूचना पंचायत एवं नगरपालिका चुनाव कार्यालय निदेशक को दिया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान तमिज़ार संगम श्री विजयपुरम की ओर से आज प्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रामणिया भारती के जयंती के अवसर पर ''भारती–भारतीदासन विज़ा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम आज शाम साढ़े चार बजे आरंभ होगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बच्चों के लिए फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता और कॉलेज के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

<><><><><><><>

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत कल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डिगलीपुर की छात्राओं के लिए डिगलीपुर पुलिस स्टेशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को पुलिस विभाग और इसकी कार्यप्रणाली के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करके उन्हें शिक्षित और सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के दौरान, थाना प्रभारी विजय कुमार ने पुलिस विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में कानून प्रवर्तन के महत्व पर ज़ोर दिया गया।

पुलिस उपनिरीक्षक कन्नगी ने छात्राओं को विभिन्न कानूनों, अपराध रोकथाम और पोक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी, ताकि वे उपलब्ध कानूनी सुरक्षा और सहायता प्रणालियों के बारे में जागरूक हो सके। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पुलिस स्टेशन के निर्देशित दौरे पर ले जाया गया, जहाँ उन्हें थानों के भीतर विभिन्न अनुभागों के उद्देश्य और कार्यों से परिचित कराया गया। डिगलीपुर की बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने भी बच्चों को संबोधित किया और अपराध दर कम करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस विभाग के महत्व पर ज़ोर दिया।

><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की ओर से विशेष देखभाल वाले बच्चों के लिए तेईसवां राज्य स्तरीय स्कूल खेल और आठवां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सोलह से बीस दिसम्बर तक नेताजी स्टेडियम में चलने वाले प्रतियोगिताओं में सभी केन्द्रशासित प्रदेशों से एक हजार से अधिक प्रतिभागी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्‌घाटन सोलह दिसम्बर को शाम तीन बजे किया जाएगा। समापन समारोह बीस तारीख को दोपहर ढाई बजे आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

परिवहन विभाग ने मध्योत्तर अंडमान में राज्य परिवहन की बसों की कमी को देखते हुए पांच और बसों को दूसरे इकाईयों से रंगत के एस टी एस इकाई में स्थानांतरित किया है और प्रतिदिन बसों के संचालन के बाद इनकी नियमित रखरखाव की जांच का निर्देश दिया है। डिगलीपुर, मायाबंदर, रंगत और बाराटांग में बसों की भारी कमी और यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए विभाग की ओर से तत्काल बस उपलब्ध कराई गई है। हटबे और कार निकोबार में भी विभाग की ओर से जल्द से जल्द बसों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा नई बसों की खरीद की योजना भी बनाई जा रही है, जिससे द्वीपसमूह के प्रत्येक ज़िले में यात्रियों को सुविधा मिल सके। इस संबंध में यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर वे स्थानीय एस टी एस कार्यालय या परिवहन विभाग के नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव मनाए जाने के एक भाग के रूप में पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग की ओर से अट्‌ठाईस दिसंबर को दोपहर दो बजे से प्रदर्शनी मैदान में पेट्‌ट–शो का आयोजन किया जाएगा।

इस शो में भाग लेने के इच्छुक पशु मालिक अपनी प्रविष्टियाँ नाम, संपर्क नम्बर, ईमेल, पशु का नाम, नस्ल, जन्मतिथि, लिंग, रंग, वजन और टीकाकरण रिकॉर्ड के विवरणों के साथ विभाग के मेल में भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन संख्या–नौ पांच तीन एक नौ छः तीन छः पांच पांच पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द्वीपसमूह में पैकेज पेय जल के निर्माण, भण्डारण, परिवहन और खुदरा बिक्री से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श के लिए बैठक करने के समाचार और शोल–बे उन्नीस में लकडी के खम्बो का उपयोग करके वॉकवे बनाने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में टूना कलस्टर को अधिसूचित करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। ननकौड़ी में निकोबार के किसानो को वैज्ञानिक कंद फसलों की खेती और इसके मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण देने के समाचार को इंफो इंडिया ने बडी खबर बनाई है।

<><><><><><><>